आज़ादी का अमृत महोत्सव

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से सेन्ट्रल आपके लिए CENTRAL TO YOU SINCE 1911

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

मानव संपदा प्रबंधन, केंद्रीय कार्यालय

अधिसूचना

सफाई कर्मचारी सह अधीनस्थ-कर्मचारी और/या अधीनस्थ-कर्मचारी की भर्ती 2024-25

दिनांक 19.12.2023 की अधिसूचना के अनुसार 484 रिक्तियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसमें ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 09.01.2024 थी.

उक्त पद के लिए आवेदन करने हेतु अधिकतम संख्या में उम्मीदवारों को अधिक समय/अवसर उपलब्ध कराने के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को निम्नानुसार बढ़ाने का निर्णय लिया गया है-

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की संशोधित अंतिम तिथि	**16.01.2024 (मंगलवार)**
आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क के भुगतान की संशोधित अंतिम तिथि (केवल ऑनलाइन मोड)	**16.01.2024 (मंगलवार)**

हमारी दिनांक 19.12.2023 की अधिसूचना की अन्य सभी शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी. **कृपया ध्यान दें कि जिन उम्मीदवारों ने हमारी अधिसूचना दिनांक 19.12.2023 के बाद आवेदन कर दिया है और अपेक्षित शुल्क का भुगतान कर दिया है, उन्हें नया आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है.**

उम्मीदवारों को परामर्श दिया जाता है कि वे अपडेट/सूचना/निर्देशों के लिए नियमित रूप से बैंक की वेबसाइट देखते रहें. इस प्रक्रिया से संबंधित सभी घोषणाएं/परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/विवरण कैरियर अनुभाग के तहत समय-समय पर केवल बैंक की अधिकृत वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in पर प्रकाशित/प्रदान किए जाएंगे. इस प्रक्रिया में अचयनित/शॉर्टलिस्ट नहीं किए गए उम्मीदवारों को अलग से सूचना नहीं दी जाएगी. बैंक की वेबसाइट पर दी गई सभी अधिसूचनाओं/संप्रेषण को आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों के लिए सूचना माना जाएगा.

केवल पात्रता मानदंडों को पूरा करने से उम्मीदवार परीक्षा/चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं होगा. उम्मीदवारों को ऑनलाइन परीक्षा के लिए बैंक की वेबसाइट से अपने प्रवेश पत्र एवं जानकारी डाउनलोड करनी होगी. प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की आरंभिक तिथि अलग से अधिसूचना/एसएमएस आदि के माध्यम से सूचित की जाएगी.

बैंक किसी भी स्तर पर किसी भी आवेदन/उम्मीदवारी को अस्वीकार करने या परीक्षा के आयोजन को रद्द करने या बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह से रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

दिनांक : 9 जनवरी 2024

उप-महाप्रबंधक - मासंप्र

केंद्रीय कार्यालय: 17वीं मंजिल, चंदरमुखी बिल्डिंग, नरीमन प्वाइंट मुंबई 400021
दूरभाष: 022-66387878;66387891;66387892
www.centralbankofindia.co.in